aglasem.com

FOR KARNATAKA CLASS 11 PREPARATION

Karnataka 1st PUC Model Question Paper 2027 for Hindi (Paper 1)

EXAM	YEAR	TYPE	SUBJECT
Karnataka Class 11	2027	Sample Paper	Hindi

ಕರ್ನಾಟಕ ಸರ್ಕಾರ

ಶಾಲಾ ಶಿಕ್ಷಣ ಇಲಾಖೆ (ಪದವಿ ಪೂರ್ವ)

ಮಾದರಿ ಪ್ರಶ್ನೆ ಪತ್ರಿಕೆ–1 **2026-27**

ತರಗತಿ: ಪ್ರಥಮ ಪಿಯುಸಿ

MAX. MARKS : 80

TIME: 3 HOURS **SUB: HINDI (03)** **TOTALA NO OF QUESTIONS : 49**

सूचना: 1) सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है।

2) प्रश्नों की क्रमसंख्या लिखना अनिवार्य है।

3) प्रश्नपत्र 'क', 'ख', 'ग' 'घ' इन चार खण्डों में विभाजित है।

4) खण्ड 'क' के प्रश्न संख्या 1 से 16 तक के प्रश्नों का उत्तर, जो पहली बार लिखा हो, उन्हीं उत्तरों का मूल्यांकन किया जाएगा।

****

खण्ड – 'क'

I अ) निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्पों को चुनकर लिखिए: **10X1=10**

1. श्रीकंठ सिंह इस दिन घर आया करते थे-
   i) शनिवार ii) मंगलवार iii) रविवार iv) बुधवार
2. स्वामी विवेकानंद जी के अनुसार जो अपने आपमें विश्वास नहीं करता वह है-
   i) आस्तिक ii) नास्तिक iii) सात्विक iv) शिक्षित
3. महादेवी वर्मा को इसका अनुभव बहुत संक्षिप्त था-
   i) पाठशाला ii) गौशाला iii) नटखटपन iv) संसार
4. पुलिस की इतनी गाड़ियाँ आयी थीं-
   i) दो ii) चार iii) सात iv) दस
5. बेहोशी का अभिनय इसने किया-
   i) अध्यापक ii) रमेश iii) माँ iv) वैद्य परमानंद
6. रसखान पक्षी रूप में जन्म लेने पर इस डाली पर बसना चाहते हैं-
   i) बरगद ii) पीपल iii) जामुन iv) कदम्ब
7. कवि हरिवंशराय 'बच्चन' के अनुसार दुनिया ऐसी है-
   i) स्वार्थी ii) ममतामय iii) ढोंगी iv) स्वतंत्र
8. 'श्मशान' कहानी की लेखिका हैं-
   i) महादेवी वर्मा ii) डॉ. सुशीला टाकभौरे iii) मन्नू भंडारी iv) सुभद्रा कुमारी चौहान
9. प्रभा का भाई वीरजी के घर यह देने आया था-
   i) चम्मच ii) पलंग iii) थाल iv) कटोरी
10. प्रूफरीडरी का काम सीख रहा था-
    i) मोहन ii) रामचंद्र iii) प्रमोद iv) मुंशी चंद्रिका प्रसाद

आ) कोष्ठक में दिए गए उचित कारक चिन्हों से रिक्त स्थान भरिए: **5X1=5**

(पर, ने , के, की, को, में,)

11. मेज -------- पंखा रखा है।
12. हम लोगों ------- नौकरी के लिए नाक रगड़नी पड़ती है।
13. भारत के प्रधनमंत्री------- ऐसा कहा।
14. पास ---------- डाक्टर को बुला भेजें।
15. अलमारी ---------- कपड़े रखे हैं।

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com Page 1 of 4

इ) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए: **5X1=5**

16.

a) उल्लू बनाना	i) शोर मचाना
b) गले लगाना	ii) बौखला जाना
c) नाक रगड़ना	iii) मूर्ख बनाना
d) कल्लोल करना	iv) गिड़गिड़ाना
e) हक मारना	v) आलिंगन करना
	vi) अधिकार छीनना

खण्ड – 'ख'

II. अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए: **2X3=6**

17. निन्दा की महिमा का वर्णन कीजिए।
18. धरती 'वसुंधरा' क्यों कहलाती है?
19. पत्नी की मृत्यु का डॉ. अंबेडकर पर क्या प्रभाव पड़ा?
20. दिल का दौरा और एनजाइना किन कारणों से होता है?
21. सर्व धर्म सहिष्णुता के बारे में स्वामी विवेकानंद जी के विचार लिखिए।

आ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए: **2X3=6**

22. 'जल्दी से पका दो, मुझे भूख लगी है।'
23. 'तुम कभी तारा न बनना, चाहे भगवान कितना ही चमकीला तारा बनावें।'
24. 'जम कैसे सकता था, हमने वहाँ पानी लगने ही नहीं दिया।'
25. 'मुझे डर है कि कहीं यहाँ बैठे-बैठे मेरा दिल धड़कना बंद न कर दे।'

III. अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए: **1X3=3**

26. तुलसीदास कुल रीति के पालन के संबंध में क्या कहते हैं?
27. मीराबाई ने जीवन की नश्वरता के संबंध में क्या कहा है?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए: **2X3=6**

28. सुभद्राकुमारी चौहान ने 'उल्लास' कविता में जीवन के संबंध में क्या कहा है?
29. 'तुम आओ मन के मुग्ध मीत' के कवि अपने मित्र को किन -किन शब्दों में पुकारते हैं?
30. 'मत घबराना' कविता का संदेश अपने शब्दों में लिखिए।
31. किन परिस्थितियों में नारी पत्थर तोड़ रही थी?
32. 'अभिनंदनीय नारी' कविता के आधार पर नारी किस प्रकार से सृष्टि का शृंगार है?

इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए: **2X3=6**

33. जाति न पूछो साधु की, पूछ लीजिए ज्ञान।
मोल करो तलवार का, पड़ा रहन दो म्यान॥

अथवा

कहते हैं कनक माया है, कनक माया नहीं
कहते हैं कामिनी माया है, कामिनी माया नहीं
कहते हैं माटी माया है, माटी माया नहीं
मन के आगे जो चाह है, वही माया है, गुहेश्वर।

34. सम्राट स्वयं प्राणेश, सचिव देवर हैं,
देते आ कर अशीष हमें मुनिवर हैं,
धन तुच्छ यहाँ, यद्यपि असंख्य आकर हैं।

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com

अथवा

प्रतिभा क्या है सन्ध्या-भाषा? सिद्धों का पाहुड़-दूहा है?
प्रतिभा अनुभूति-रसायन है? गहरे जीवन की चल-शफरी?

खण्ड- 'ग'

IV. अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए: **3X3=9**

35. मधुआ पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए।
36. अंततः पहाड़ी ने तरस खाकर श्मशान से क्या कहा?
37. 'खून का रिश्ता' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।
38. दिल्ली में शीत लहर के प्रकोप का वर्णन कीजिए।
39. सिलिया ने मन ही मन क्या दृढ़ संकल्प किया?
40. सिद्देश्वरी की आँखों से आँसू क्यों टपकने लगे?

खण्ड- 'घ'

V. अ) वाक्य शुद्ध कीजिए: **1X3=3**

41. i) सोहन ने रोटी खाया।
    ii) आप कहे थे।
    iii) तेरे को क्या हो गया है?

आ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए: **1X3=3**

42. i) हमारे शिक्षक प्रश्न करते हैं। (भूतकाल में बदलिए)
    ii) उसने दरवाजा खोला। (वर्तमानकाल में बदलिए)
    iii) बालक खा रहा था। (भविष्यत्काल में बदलिए)

इ) अन्य लिंग रूप लिखिए: **1X2=2**

43. i) लेखिका ii) पुत्र

ई) अन्य वचन रूप लिखिए: **1X2=2**

44. i) लड़कियाँ ii) आँख

उ) समानार्थक शब्द लिखिए: **1X2=2**

45. i) वृक्ष ii) माँ

ऊ) विलोम शब्द लिखिए: **1X2=2**

46. i) न्याय ii) अपना

VI. अ) निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए: **1X3=3**

47. संसार में असंख्य नर-नारियों का जन्म प्रतिक्षण होता रहता है और हर क्षण उनकी मृत्यु भी होती है। मनुष्य के साथ जीना-मरना सदा लगा रहता है। जन्म के साथ मृत्यु का सम्बन्ध अवश्यम्भावी है। यह एक ऐसा सत्य है, जिसके सम्बन्ध में किसी तरह का भ्रम हो ही नहीं सकता। किन्तु राष्ट्र अमर है, इसकी आत्मा अमर है। यह मनुष्य की तरह जीता-मरता नहीं है। राष्ट्र की शक्ति उसके नागरिक, उसकी संस्कृति, उसका साहित्य, उसकी परम्परा और ऐतिहासिक चेतना में है।

प्रश्न: . i) किसके साथ मृत्यु का सम्बन्ध अवश्यम्भावी है?
ii) कौन मनुष्य की तरह जीता-मरता नहीं है?
iii) संसार में किसका जन्म प्रतिक्षण होता रहता है?

आ) 48. चार दिन का अवकाश माँगते हुए अपने प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए। **1X4=4**

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com

इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए: **1X3=3**

49. i) ನಾವು ಭಾರತೀಯರು.
We are Indians.
ii) ಏಕತೆಯೇ ನಮ್ಮ ಶಕ್ತಿ.
Unity is our strength.
iii) ಕನ್ನಡವು ನಮ್ಮ ರಾಜ್ಯ ಭಾಷೆಯಾಗಿದೆ.
Kannada is our state language.

*****